# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 8 आदि गुरु शंकराचार्य (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास – प्रश्न**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**प्रश्न 1.**
बालक शंकर के विषय में ज्योतिषियों ने क्या कहा था?
**उत्तर :**
बालक शंकर के विषय में ज्योतिषियों ने कहा था, "शंकर महान पण्डित, यशस्वी और भाग्यशाली होगा।"

**प्रश्न 2.**
गुरु शंकराचार्य को सत्य का ज्ञान कहाँ और कैसे हुआ?
**उत्तर :**
गुरु शंकराचार्य को सत्य को ज्ञान काशी में एक चाण्डाल से मिलने पर हुआ। चाण्डाल ने शरीर को नश्वर और आत्मा को एक ही बताया क्योंकि ब्रह्म एक है।

**प्रश्न 3.**
गुरु शंकराचार्य का अन्तिम उपदेश क्या था?
**उत्तर :**
शंकराचार्य का अन्तिम उपदेश था "हे मानव! तू स्वयं को पहचान, स्वयं को पहचानने के बाद, तू ईश्वर को पहचान जाएगा।"

**प्रश्न 4.**
शंकराचार्य की शिक्षा का सार क्या है?
**उत्तर :**
शंकराचार्य की शिक्षा का सार है- "ब्रह्म सत्य है तथा जगत मिथ्या है'

**प्रश्न 5.**
गुरु शंकराचार्य द्वारा कौन से मठों की स्थापना की गई है?
**उत्तर :** बदरीनाथ, द्वारिकापुरी, जगन्नाथपुरी तथा श्री रामेश्वरम्।

**प्रश्न 6.**
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके)

- इनका परिवार पाण्डित्य के लिए विख्यात था।
- इनके गुरु भी इनकी प्रखर मेधा को देखकर आश्चर्यचकित थे।
- गुरु शंकराचार्य का देहावसान मात्र बत्तीस वर्ष की अवस्था में हो गया।

https://www.evidyarthi.in/